भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4540

दिनांक 30.03.2022 को उत्तर देने के लिए

पिछड़े जिले

†**4540. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के जनजातीय और ग्रामीण जिलों में पिछड़ेपन के कारणों और परिणामों का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त जिलों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री (कारपोरेट कार्य मंत्रालय)

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): जी हां, सरकार ने स्वास्थ्य एवं पोषण, स्कूली शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा मूलभूत अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में पिछड़े हुए 112 आकांक्षी जिलों (जनजातीय और ग्रामीण जिलों सहित) की पहचान की है, ऐसे 112 आकांक्षी जिलों की सूची **अनुलग्नक** पर संलग्न है।

(ग) सरकार आकांक्षी जिला कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रही है। आकांक्षी जिले कार्यक्रम की व्यापक कार्यनीति निम्नलिखित 3 कारकों - अभिसरण (केंद्र और राज्यों की योजनाओं के मध्य), सहयोग (केंद्र, राज्य, जिला प्रशासन, विकास भागीदारों एवं नागरिकों के मध्य) तथा प्रतिस्पर्धा (जिलों के बीच) पर निर्भर करती है। प्रत्येक माह, की गई प्रगति के आधार पर जिलों की रैंकिंग की जाती है और यह उन्हें प्रतिस्पर्धा की भावना से प्रेरित करती है जिसके परिणामस्वरूप तीव्र सुधार होता है। कार्यक्रम की अगली कार्यनीति प्रत्येक जिले के लिए केंद्रीय प्रभारी अधिकारियों के रूप में भारत सरकार के संयुक्त सचिव/अपर सचिव स्तर के पदाधिकारियों को नामित करना है। इन प्रभारी अधिकारियों की भूमिका अपने लम्बे अनुभव के आधार पर जिला प्रशासन का मार्गदर्शन करने की है।

चूँकि कार्यक्रम की मुख्य कार्यनीति मौजूदा योजनाओं के अभिसरण पर आधारित है, जिनके पास स्वयं के वित्तपोषण की व्यवस्था है, अत: अतिरिक्त निधि के प्रवाह की परिकल्पना नहीं की गई है। तथापि, प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देने के लिए और महत्वपूर्ण अंतरालों को दूर करने के लिए, चुने गए जिलों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अतिरिक्त आवंटन किया जाता है। प्रति माह, जिलों का मूल्यांकन मासिक प्रगति के आधार पर किया जाता है और समग्र रूप से पाँच क्षेत्रों में से प्रत्येक में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जिले की पहचान की जाती है। समग्र रूप से प्रथम एवं द्वितीय रैंक में आने वालों को क्रमशः 10 करोड़ रुपए और 5 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाती है। पाँच क्षेत्रों में से प्रत्येक में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रत्येक जिले को 3 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

*****

अनुलग्नक

आकांक्षी जिलों की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	राज्य	जिला
1	मध्यप्रदेश	छतरपुर
2	मध्यप्रदेश	दमोह
3	मध्यप्रदेश	बड़वानी
4	मध्यप्रदेश	राजगढ़
5	मध्यप्रदेश	विदिशा
6	मध्यप्रदेश	गुना
7	मध्यप्रदेश	सिंगरौली
8	मध्यप्रदेश	खंडवा
9	उत्तरप्रदेश	बहराइच
10	उत्तरप्रदेश	श्रावस्ती
11	उत्तरप्रदेश	बलरामपुर
12	उत्तरप्रदेश	सिद्धार्थनगर
13	उत्तरप्रदेश	चंदौली
14	उत्तरप्रदेश	सोनभद्र
15	उत्तरप्रदेश	चित्रकूट
16	उत्तरप्रदेश	फतेहपुर
17	ओडिशा	ढेंकनाल
18	ओडिशा	गजपति
19	ओडिशा	कंधमाल
20	ओडिशा	बालंगीर
21	ओडिशा	कालाहांडी
22	ओडिशा	रायगढ़
23	ओडिशा	कोरापुट
24	ओडिशा	मल्कानगिरि
25	ओडिशा	नवरंगपुर
26	ओडिशा	नुआपाड़ा
27	पंजाब	मोगा
28	पंजाब	फिरोजपुर
29	हिमाचल प्रदेश	चंबा
30	उत्तराखंड	उधम सिंह नगर
31	उत्तराखंड	हरिद्वार
32	आंध्रप्रदेश	विजयनगरम
33	आंध्रप्रदेश	विशाखापत्तनम
34	आंध्रप्रदेश	वाई.एस.आर . कडपा
35	हरियाणा	मेवात
36	झारखंड	गढ़वा
37	झारखंड	चतरा

38	झारखंड	गिरिडीह
39	झारखंड	गोड्डा
40	झारखंड	साहिबगंज
41	झारखंड	पाकुर
42	झारखंड	बोकारो
43	झारखंड	लोहरदगा
44	झारखंड	पूर्वी सिंहभूम
45	झारखंड	पलामू
46	झारखंड	लातेहार
47	झारखंड	हजारीबाग
48	झारखंड	रामगढ़
49	झारखंड	दुमका
50	झारखंड	रांची
51	झारखंड	खूंटी
52	झारखंड	गुमला
53	झारखंड	सिमडेगा
54	झारखंड	पश्चिमी सिंहभूम
55	गुजरात	दाहोद
56	गुजरात	नर्मदा
57	बिहार	सीतामढ़ी
58	बिहार	अररिया
59	बिहार	पूर्णिया
60	बिहार	कटिहार
61	बिहार	मुजफ्फरपुर
62	बिहार	बेगूसराय
63	बिहार	खगड़िया
64	बिहार	बांका
65	बिहार	शेखपुरा
66	बिहार	औरंगाबाद
67	बिहार	गया
68	बिहार	नवादा
69	बिहार	जमुई
70	जम्मू और कश्मीर	कुपवाड़ा
71	जम्मू और कश्मीर	बारामूला
72	केरल	वायनाड
73	तमिलनाडु	विरुधुनगर
74	तमिलनाडु	रामनाथपुरम
75	तेलंगाना	आसिफाबाद

76	तेलंगाना	भूपलपल्ली
77	तेलंगाना	भद्राद्री
78	असम	ग्वालपाड़ा
79	असम	बारपेटा
80	असम	हैलाकांडी
81	असम	बक्सा
82	असम	दरांग
83	असम	उदालगुड़ी
84	असम	धुबरी
85	नगालैंड	किफायर
86	मिज़ोरम	मामित
87	सिक्किम	पश्चिमी सिक्किम
88	मणिपुर	चंदेल
89	मेघालय	रिभोई
90	त्रिपुरा	धलाई
91	अरुणाचल प्रदेश	नमसाई
92	कर्नाटक	रायचूर
93	कर्नाटक	यादगीर
94	महाराष्ट्र	नंदुरबार
95	महाराष्ट्र	वाशिम
96	महाराष्ट्र	गढ़चिरौली
97	महाराष्ट्र	उस्मानाबाद
98	छत्तीसगढ़	कोरबा
99	छत्तीसगढ़	राजनंदगांव
100	छत्तीसगढ़	महासमुंद
101	छत्तीसगढ़	कांकेर
102	छत्तीसगढ़	नारायणपुर
103	छत्तीसगढ़	दंतेवाड़ा
104	छत्तीसगढ़	बीजापुर
105	छत्तीसगढ़	बस्तर
106	छत्तीसगढ़	कोंडागांव
107	छत्तीसगढ़	सुकमा
108	राजस्थान	धौलपुर
109	राजस्थान	करौली
110	राजस्थान	जैसलमेर
111	राजस्थान	सिरोही
112	राजस्थान	बारन

.....